>

Title : Threat to internal security due to illegal intrusion of foreign nationals in the country.

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि देश में बड़े पैमाने पर विदेशी वीज़ा लेकर आ रहे हैं, इनकी घुसपैठ लगातार जारी है। इस बात की सदन में बराबर चर्चा हुई है। भारतवर्ष में 403 पाक नागरिक आए हैं जिनका कोई अतापता नहीं है। और वे गुम हैं। उनके बारे में जांच एजेंसियों को भी पता नहीं है। लेकिन खुफिया एजेन्सी के पास इसकी पुख्ता और पूरी जानकारी है। केन्द्रीय खुफिया एजेन्सी ने ऐसे लोगों की जानकारी के लिए एक अभियान चलाया है। ए.टी.एस. को भी इसकी पूरी जानकारी है। इस मुद्दे पर सदन में बार-बार चर्चा हुई है कि बंग्लादेश से अवैध रुप से लोग हमारे देश में आ रहे हैं। प्रति वर्ष पांच लाख बंग्लादेशी हिंदुस्तान में आते हैं। लेकिन उनमें से 25 हजार बंग्लादेशी वापस नहीं जाते हैं। इस तरह से बड़े पैमाने पर बाहर से लोग यहां आ रहे हैं। इसके कारण हिंदुस्तान की आंतरिक सुरक्षा को बहुत बड़ा खतरा पैदा हो गया है।

अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि सरकार इस मामले को गम्भीरता से ले और जो विदेशी लोग यहां आकर वापस नहीं जा रहे हैं, कम से कम उन्हें तलाशा जाए। कहीं ये लोग उग्रवाद और आतंकवाद की गतिविधियों में लिप्त तो नहीं हैं। इसलिए मैं सरकार से मांग करता हूं कि वह ऐसे लोगों के बारे में पता करके उन्हें चिह्नित करे कि वे कैसे लोग हैं, यहां गुम क्यों हुए हैं और वे यहां से वापस क्यों नहीं जा रहे हैं?